SHREE TIMES, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

मंत्री ने की छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना

शहर संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विद्यालयों से 1300 से भी अधिक छात्रों ने इंदिरा गाधी प्रतिष्ठान में बुधवार को आयोजित टीसीएस आईटी क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल के लविश पाण्डेय और वरुण सिंह को टीसीएस स्मार्ट वीजाड दिया गया।

देश सबसे बड़े क्विज टीसीएस आईटी क्विज टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज भारत की नम्बर एक आईटी सेवाएं, बिजनेस साल्यूशन एवं आउटसोर्सिंग फर्म द्वारा किया गया। लखनऊ के अलावा इलाहाबाद, देहरादून, कानपुर, नैनीताल, वाराणसी, रायोबरेली, अमेठी, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न शहरों में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रारम्भिक लिखित उन्मूलन दौर के रोमाचक संघर्ष के उपरात शीर्ष छह स्कूल क्षेत्रीय फाइनल में पहुंचे। 6 रीजनल फाइनल टीम के बीच प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विजेता को आइपैड प्रति एवं दूसरे स्थान के विजेताओं को गैलक्सी टैबलेट विशेष रुप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंत्री अभिषेक मिश्रा,आईएएस आलोक रंजन ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता में विजेता बच्चों के साथ मंत्री अभिषेक मिश्र

कार्यक्रम

- उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विद्यालयों से 1300 से अधिक छात्र हुए प्रतियोगिता में शामिल